। हिमाचल । जम्मू-कश्मीर

नैनीताल । बृहस्पतिवार । 6 दिसंबर 2012

अमर उजाला

सेंसेक्स 19392 | तापमान अधिकतम 20.0° न्यूनतम 10.0° | सूर्योदय 06:51 सूर्यास्त 05:13 | मार्गशीर्ष कृष्ण 7, वि. 2069

राज्य सभा में भी सपा-बसपा के सहारे सरकार...

विज्ञान प्रयोगशाला का निरीक्षण करते अतिथि।

जूनियर हाईस्कूल में विज्ञान प्रयोगशाला शुरू

हल्द्वानी। विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल राजुपरा में बुधवार को स्केल संस्था की ओर से विज्ञान प्रयोगशाला प्रारंभ की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि इस तरह की विज्ञान प्रयोगशालाएं शुरू होने से बच्चों में विज्ञान से जुड़ने के प्रति रुचि पैदा होगी।

संस्था के महासचिव अरुण सिन्हा ने बताया कि यह विज्ञान प्रयोगशाला बच्चों को घर पर होने वाले कई दैनिक कार्यों को समझने में सहायता करेगी। सुक्ष्मदर्शी जैसे यंत्र विद्यार्थियों को न केवल साइंस का ज्ञान देंगे बल्कि उन्हें ज्ञान को बढ़ाना प्रश्नों को हल करना इसका लक्ष्य है। छठी कक्षा से ही बच्चों को साइंस का लाभ मिल सके, इसकी व्यवस्था की जाएगी।

विज्ञान को जानना समझना और मजेदार होगा जब ये प्रयोग खुद विद्यार्थियों के द्वारा किए जाएंगे बजाय इसके कि अध्यापकों के द्वारा या दूसरे तथ्य। आकृति साधनों से उन्हें समझाया जाए। प्रकृति को देखो और प्रश्न पूछो कि कोई घटना कैसे और क्यों घट रही है। जिज्ञासा की पुष्टि और विज्ञान व गणित के ज्ञान की खोज तभी संभव होगी यदि अनेक प्रयोगशालाएं हर स्कूल में स्थापित की जाएं। जहां हर विद्यार्थी को परीक्षण के माध्यम से खुद में सुधार करने का अवसर मिल सके।

कार्यक्रम में पर्यावरणविद डा. अजय रावत, सुषमा रावत, रश्मि सिन्हा, डीएस रावत आदि थे। ब्यूरो